दिन–शुक्रवार दिनांक– 08 / 11 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. पूर्व मध्य रेलवे बिहार से नई दिल्ली और मुंबई सहित अन्य शहरों के लिए अगले पंद्रह दिनों तक चार सौ छियालीस विशेष रेलगाड़ियों का परिचालन करेगा।

02. ईसीआर के महाप्रबंधक ने कहा – जरूरत पड़ने पर विशेष रेलगाड़ियों की संख्या बढ़ाई जाएगी।

03. उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही छठ महापर्व का चार दिवसीय अनुष्ठान आज संपन्न हो गया।

04. और, राजगीर में ग्यारह नवंबर से आयोजित होने वाली महिला एशियाई हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में भाग लेने के लिए थाईलैंड और मलेशिया की टीम गया पहुंची।

अब समाचार विस्तार से.........

---

छठ पूजा के संपन्न होने के बाद बिहार से बड़ी संख्या में दूसरे शहरों और राज्यों के लिए लोगों के लौटने का सिलसिला आज से शुरू हो गया। पूर्व मध्य रेलवे दानापुर और समस्तीपुर रेल मंडल सहित पांच मंडलों से अगले पंद्रह दिनों में चार सौ छियालीस विशेष रेलगाड़ियां चलायेगा। पिछले वर्ष छठ की भीड़ को देखते हुए तीन सौ उनहत्तर रेलगाड़ियां चलाई गयी थीं। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में कहा कि इस बार भी भीड़ के मद्देनजर बैक अप प्लान के तहत गाड़ियां तैयार हैं, जरुरत पड़ने पर उन्हें चलाया जायेगा।

–––बाईट–––

सीपीआरओ ने बताया कि रेलवे स्टेशनों पर भीड़ भाड़ के मद्देनजर य़ात्रियो की सुविधा के लिए ऑटोमैटिक वेंडिंग मशीन लगायी गयी है। अधिक भीड़ भाड़ को रोकने के लिए स्टेशन परिसर में होल्डिंग एरिया बनाये गये हैं। इसके अलावा लोग यूपीआई के माध्यम से अनारक्षित टिकट भी ले सकते हैं।

–––बाईट–––

मुख्य जन संपर्क अधिकारी ने बताया कि उत्तर भारत में नई दिल्ली और आनंद विहार टर्मिनल के अलावा देश के दूसरे हिस्सों के लिए पर्याप्त संख्या में रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं।

———बाईट———

इधर, पटना समेत सभी प्रमुख स्टेशनों पर भीड़ के मद्देनजर आज से ग्यारह नवंबर तक प्लेटफार्म टिकटों की बिक्री पर रोक लगा दी गयी है। भीड़ भाड़ रोकने के लिए तीन दिनों तक पार्किंग पर भी रोक रहेगी। हालांकि पिक एंड ड्राप की सुविधा रहेगी।

———————————————————————————

इधर, समस्तीपुर मंडल रेल प्रशासन ने छठ पर्व पर वापसी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए समस्तीपुर समेत प्रमुख स्टेशनों पर आज से बारह नवंबर तक प्लेटफार्म टिकट की बिक्री पर रोक लगा दी है। मंडल रेल प्रबंधक विनय श्रीवास्तव ने समस्तीपुर मे पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि क्राउड मैनेजमेंट को लेकर यह निणर्य लिया गया है।

———बाईट———

———————————————————————————

रेलवे द्वारा पूजा के दौरान की गयी स्पेशल ट्रेन की व्यवस्था की यात्रियों ने प्रशंसा की है। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में यात्रियों ने उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं को स्वागत योग्य कदम बताया है और रेलवे के प्रति आभार व्यक्त किया है।

———वॉक्सपॉप———

———————————————————————————

ईसीआर के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने कहा है कि जरूरत पड़ने पर विशेष रेलगाड़ियों की संख्या बढ़ाई जाएगी। महाप्रबंधक ने कहा कि वापस लौटने वाले पैंसेजर की सुविधा के लिए बाईस नवम्बर तक औसतन प्रतिदिन पैंतीस ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रेलवे यात्रियों को हर तरह की सुविधा उपलब्ध कराने

को प्रतिबद्ध है। श्री सिंह दानापुर जंक्शन पर रेल यात्रियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे।

–––बाईट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

सर्वोच्च न्यायालय के सात न्यायाधीशों की पीठ ने तीन के मुकाबले चार बहुमत से अजीज बाशा बनाम भारत सरकार मामले में उन्नीस सौ सड़सठ के उस फैसले को आज खारिज कर दिया, जो अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय को अल्पसंख्यक का दर्जा देने से इनकार करने का आधार बना था। शीर्ष न्यायालय ने इस मामले को आगे की सुनवाई के लिए नियमित पीठ को भेज दिया है। गौरतलब है कि वर्ष उन्नीस सौ सड़सठ के फैसले में कहा गया था कि क़ानून द्वारा स्थापित कोई संस्था अल्पसंख्यक संस्था होने का दावा नहीं कर सकती। शीर्ष अदालत ने आज कहा कि किसी भी संस्था का अल्पसंख्यक दर्जा इसलिए वापस नहीं लिया जा सकता कि उसकी स्थापना वैधानिक व्यवस्था द्वारा की गई थी। पीठ का नेतृत्व करने वाले मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि इस मामले में तीन असहमति वाले फैसलों सहित चार अलग–अलग राय हैं।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

राज्य की चार विधानसभा सीटों बेलागंज, इमामगंज, तरारी और रामगढ़ उप चुनाव के लिए राजनीतिक दलों ने छठ के बाद प्रचार अभियान तेज कर दिया है। भाजपा, जदयू, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा समेत एनडीए के सभी घटक दल अपने प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए लगातार जनसभाओं का आयोजन कर रहे हैं। वहीं, इंडिया गठबंधन की ओर से भी राजद, कांग्रेस और वाम दलों के नेता चुनाव प्रचार अभियान चला रहे हैं। इन सीटों पर तेरह नवम्बर को मतदान होना है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज कहा कि भ्रष्टाचार एक बीमारी है और इसे जड़ से खत्म किया जाना चाहिए। राष्ट्रपति नई दिल्ली में केंद्रीय सतर्कता आयोग के सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर एक कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि सरकार ने भ्रष्टाचार से निपटने के लिए कई पहल की हैं। इनमें से कुछ

पहलों का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति ने प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण योजना, ई–मार्केटप्लेस और आर्थिक अपराधी अधिनियम का उदाहरण दिया।

———बाईट———

भ्रष्टाचार आर्थिक प्रगति के लिए अवरोध तो है ही ये समाज में विश्वास को भी कम करता है इससे लोगों के बीच में बंधुता कम होती है। इसका व्यापक प्रयास देश की एकता, अखंडता पर भी पडता है। प्रतिवर्ष 31 अक्टूबर को सरदार पटेल के जन्मदिन पर हम देश की एकता और अखंडता अपूर्ण रखने का संकल्प लेते हैं।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी के 97वें जन्मदिन पर उन्हें शुभकामनाएं दीं। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि भारत रत्न लाल कृष्ण आडवाणी देश के सबसे प्रशंसित राजनेताओं में से हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि श्री आडवाणी को उनकी बुद्धि और समृद्ध अंतर्दृष्टि के लिए हमेशा सम्मान दिया गया है। वहीं, राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्व उप प्रधानमंत्री को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु जीवन की कामना की है।

———————————————————————

उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही छठ महापर्व का चार दिवसीय अनुष्ठान आज संपन्न हो गया। राजधानी पटना समेत प्रदेशभर की प्रमुख नदियों गंगा, कोसी, गंडक, बागमती, सोन के अलावा तालाबों, जलाशयों और अस्थायी घाटों पर लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। व्रतियों ने अपने घरों के बाहर और छतों पर बने अस्थायी जलाशयों में भी अर्घ्य दिया। इसके बाद छठ व्रतियों ने प्रसाद ग्रहण कर पारण किया। इसके साथ उनका छत्तीस घंटे का निर्जला उपवास संपन्न हुआ। इससे पहले अर्घ्य देने के लिये आज सुबह–सवेरे से ही व्रती विभिन्न नदियों के घाटों, जलाशयों और अस्थायी कुंडों के पास पहुंच चुके थे। बड़ी संख्या में दूर–दराज से आये व्रतियों ने पूरी रात नदियों के घाटों पर ही जागरण किया और सूर्योदय के बाद भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। इस दौरान पूरे प्रदेश का माहौल भक्तिमय बना रहा। छठ गीतों से वातावरण गुंजायमान हो रहा था। जिला प्रशासन, विभिन्न छठ पूजा समितियों और स्वयं सेवी संगठनों से जुड़े लोग भी व्रतियों की सुविधा और उनके स्वागत में जुटे रहे।

———————————————————————

मिथिला का प्रसिद्ध लोकपर्व सामा चकेवा आज से शुरू हो गया। बहनें अपने भाइयों की लंबी उम्र की कामना के साथ आज से लेकर पूर्णिमा तक सामा चकेवा खेलतीं हैं। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

राजगीर में ग्यारह नवंबर से आयोजित होने वाली महिला एशियाई हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में भाग लेने के लिए छह में से पांच टीमें गया पहुंच गयी हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि आज थाईलैंड और मलेशिया की टीम का गया पहुंचने पर पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। एक रिपोर्ट––

––––रिपोर्ट–––

गया हवाई अड्डे पर थाईलैंड और मलेशिया की टीमें अलग अलग समय पर पहुंची। गया पहुंचने पर दोनों टीमों की खिलाडियों का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। छह में से अब केवल कोरिया की टीम का इंतजार है जिसके आज शाम तक गया पहुंचने की संभावना है। इससे पहले भारत, जापान और चीन की महिला खिलाड़ी पहले गया पहुंच चुकी है। चौंपियनशिप के मुकाबले राजगीर में खेले जायेंगे लेकिन सभी दलों के बोधगया में ठहरने के इंतजाम किये गये हैं। ये खिलाड़ी बोधगया के विभिन्न होटलों में 15 दिनों तक ठहरेंगी। खिलाड़ियों के स्वागत को लेकर महाबोधि मंदिर की सजावट और आसपास के एरिया में वॉल पेंटिंग कराई जा रही है। कई आकर्षक तोरणद्वार बनाये गये हैं जिनकी अगवानी प्रतियोगिता की मैस्कट गुड़िया कर रही है। आकाशवाणी समाचार के लिए गया से धर्मवीर भारती।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

पटना समेत प्रदेश के अधिकांश भागों में मौसम शुष्क बना हुआ है। पछुआ हवा के प्रभाव से राज्य के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान में कमी दर्ज की गयी है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिकों ने मौसम पूर्वानुमान में बताया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में सुबह के समय हल्के स्तर का कुहासा छाये रहने की संभावना है, जबकि अगले पांच दिनों में न्यूनतम तापमान में कमी दर्ज किये जाने से ठंड बढ़ सकती है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. पूर्व मध्य रेलवे बिहार से नई दिल्ली और मुंबई सहित अन्य शहरों के लिए अगले पंद्रह दिनों तक चार सौ छियालीस विशेष रेलगाड़ियों का परिचालन करेगा।

02. ईसीआर के महाप्रबंधक ने कहा – जरूरत पड़ने पर विशेष रेलगाड़ियों की संख्या बढ़ाई जाएगी।

03. उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही छठ महापर्व का चार दिवसीय अनुष्ठान आज संपन्न हो गया।

04. और, राजगीर में ग्यारह नवंबर से आयोजित होने वाली महिला एशियाई हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में भाग लेने के लिए थाईलैंड और मलेशिया की टीम गया पहुंची।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।